Fortnightly per copy Rs. 4/-

03rd February 2023

ओ३म्

आर्य जीवन

ఆర్య జీవన్

संस्कृति संरक्षण व सामाजिक परिवर्तन का संकल्प

హిందీ-తెలుగు ద్విభాషా పక్ష పత్రిక

Website : http://www.aryasabhaapts.org

Narendra Bhavan Telephone : 040 24760030

Date of Publication 2nd and 17th of every Month, Date of Posting 3rd and 18th of every Month

आदर्श गुरु शिष्य और आदर्श गुरु-दक्षिणा



गुरु-दक्षिणा के रूप में 'देश के लिए जीवन अर्पित कर दो' गुरु विरजानन्दजी की निराली माँग : शिष्य द्वारा विनयपूर्वक स्वीकृति-

इस घटना के थोड़े दिन पश्चात् विद्या समाप्त की और आधा सेर लोंग जो दंडी जी को अत्यन्त प्रिय थे उनको भेंट किए और जाने की आज्ञा माँगी । विरजानन्दजी मनुष्य के बड़े पारखी थे । तीन वर्ष के समय में उन्होंने दयानन्द जी को व्याकरण के अष्टाध्यायी और महाभाष्य और वेदान्त सूत्र और इनसे अतिरिक्त भी जो कुछ विद्याकोष उनके पास था सब उन्हें सोंप दिया था और ऋषिकृत ग्रन्थों से उन्होंने जो बातें निश्चित की हुई थीं वे सभी उनके मस्तिष्क में डाल दीं । उनका विचार था कि हमारे शिष्यों में से हमारे काम को यदि कुछ करेगा तो दयानन्द ही करेगा । उन्होंने अत्यन्त प्रसन्न होकर विद्या समाप्ति की सफलता की गुरु दक्षिणा मांगी । दयानन्द ने निवेदन किया कि जो आपकी आज्ञा हो उपस्थित हूँ । तब दंडी जी ने कहा कि १) देश का उपकार करो, २) सत्य शास्त्रों का उद्धार करो । ३) मतमतान्तरों की अविद्या को मिटाओ और ४) वैदिक धर्म का प्रचार करो । स्वामी जी ने अत्यधिक क्षमा प्रार्थना करते हुए और बहुत विनय पूर्वक इसको स्वीकार किया और वहाँ से विदा हो गए । गुरु जी ने आशीर्वाद दिया और चलते हुए एक अमूल्य बात और भी कह दी कि **मनुष्यकृत ग्रन्थों में परमेश्वर और ऋषियों की निन्दा है और ऋषिकृत में नहीं, इस कसौटी को हाथ से न छोड़ना ।**



आत्मनिरीक्षण

-भाव स्व. आचार्य ज्ञानेश्वर

आत्मनिरीक्षण शब्द छोटा-सा है और सरल भी है जो आपने सुन भी रखा होगा। लेकिन इन शब्दों के अनुरूप व्यक्ति अपना क्रियाकलाप नहीं करता, परिणाम यह निकलता है कि व्यक्ति का जीवन उन्नत नहीं हो पाता। आत्मनिरीक्षण का अर्थ अपने आपको देखना, अपने जीवन की ओर देखना, अपने व्यवहारों को देखना, अपनी वाणी को देखना, अपने विचारों को देखना, अपने संस्कारों को देखना और इन सब की तुलना वेद के साथ, ऋषियों के साथ, आप्तपुरुषों के साथ, गुरु, आचार्यों के आदेशों के साथ करके पता लगाना कि कितना भेद है, कितना अन्तर है। इस क्रिया का नाम है आत्मनिरीक्षण।

जीवन की उन्नति का एक बड़ा हेतु है। यह विशेषकर आध्यात्मिक क्षेत्र में जिसे हम अमोघ शस्त्र भी कह सकते हैं। यह पारसमणि के समान है जो आपने सुन रखा होगा। वास्तव में पारसमणि कोई वस्तु नहीं होती, परन्तु सुनते हैं कि पारसमणि जिसके साथ लगा देते हैं वह सोना बन जाता है। यह जो आत्मनिरीक्षण है वह पारसमणि के समान है। इसे हम आलंकारिक रूप में कह सकते हैं। जन्म-जन्मान्तर से अविद्या जनित संस्कारों से युक्त हुए चित्त को आत्मनिरीक्षण रूपी पारसमणि में जोड़ते हैं जो लौह के समान जंग लगने वाला कच्चा लगता है, उसको कुन्दन समान (सोना) बना देता है। हमारी वैदिक परम्परा के अन्दर जो दिनचर्या के अपरिहार्य कर्म हैं, उनका न छोड़ना अत्यन्त आवश्यक है जिसे हम करना छोड़ चुके हैं। इस विषय में अब हमको ज्ञान ही नहीं है। उसमें एक कर्म है ऋषियों ने जो हमें निर्देश दिए उन्हें सूक्ष्मता से अपने जीवन में उतारना और अपनी गतिविधियों पर निरीक्षण करें कि मैं कर सकता हूँ उचित है या अनुचित, धर्म है या अधर्म, न्याय है अथवा अन्याय, स्वार्थ है अथवा प्रार्थ, लाभकारक, है या हानिकारक, सुखदाई अथवा दुःखदाई है। वेद की आज्ञा या अवज्ञा, हितकारी कर्म है अथवा निषिद्ध कर्म है। इस दृष्टिकोण से अपने आप का निरीक्षण करें। परमपिता परमात्मा ने भी वेद के अन्दर स्पष्ट शब्दों में कहा है- **"कृत्य स्मर, कृतो कृतम स्मर"** कृतो कहते हैं कर्म करने वाला जीवात्मा को। वेद कहत है कि हे कर्म करने वाले जीवात्मा ! तू वाणी से, मन से, शरीर से, जिन-जिन कर्मों को कर रहा है, उन सारे कर्मों का तू निरीक्षण परीक्षण कर, अवलोकन कर, जाँच-पड़ताल कर कि तू ठीक कर रहा है अथवा नहीं, प्रामाणिक है अथवा नहीं। हमारा हर कार्य प्रामाणिक होना चाहिए। ऋषियों ने कहा- प्रत्येक दिन व्यक्ति निरीक्षण करके देखे कि मेरा जो जीवन है वह वेद अनुकूल है अथवा नहीं, ऋषियों के अनुकूल है कि नहीं, आप्तपुरुषों के अनुकूल है या नहीं, शास्त्रों के अनुकूल है अथवा नहीं। माता-पिता, गुरु, आचार्य, आदर्श पुरुषों के अनुकूल है अथवा नहीं। इन सब पर निरीक्षण करें और जो-जो त्रुटियाँ, भूलें, द्वेष, कमियां दिखाई देती है उनका सुधार करें। प्रत्येक दिन करने का विधान है। यह कर्म इतना महत्वपूर्ण है जो हम आज बिल्कुल भुला चुके हैं। आज व्यक्ति की स्थिति यह है (अधिकांश व्यक्तियों की) कि आंख बन्द करके अपनी गतिविधियों को जानने को तैयार नहीं। व्यक्ति की आंख बन्द करके घबराहट शुरू हो जाती है, क्योंकि कुकर्म सामने आते हैं, जो किए हैं, कर रहा है और जो करने जा रहा है। इन तीनों प्रकार की दुष्प्रवृत्तियाँ उसके सामने आती है, घबराता है और छोड़ देता है। इस सब दुष्प्रवृत्तियों से उसे स्पष्ट प्रतीति होती है कि मैं गलत काम कर रहा हूँ। ऋषि दयानन्द ने स्पष्ट में सत्यार्थ प्रकाश की भूमिका में लिखा है, "आंख बन्द करते ही पता चल जाता है कि आज जो चोरी कर दी है, झूठ बोल दिया है, गलत विचार उठा दिए है, निन्दा कर दी है, हानि कर दी है, अपमान कर दिया है, आरोप लगा दिए हैं, यह सब झूठ है, अब पता चल जाता है।" इसलिए यह बहुत बुद्धिमान व्यक्ति अपने आपको ज्यादा बुद्धिमान व्यक्ति अपने आपको ज्यादा बुद्धिमान समझता है। आंख बन्द कर देने से जो उल्टे कर्म सामने आते हैं, इसलिए देखना ही बन्द कर दिया, आत्मनिरीक्षण करना ही बन्द कर दिया। परन्तु साधकगण की यह शैली अच्छी नहीं है। ईश्वर ने/ ऋषियों ने जो निर्देश दिया है जीवन के हर एक अंग (विशेषकर आध्यात्मिक व्यक्तियों को) का निरीक्षण परीक्षण करे। बिना निरीक्षण परीक्षण के व्यक्ति उन्नति नहीं प्राप्त कर सकता। संस्कार जो व्यक्ति को नचाते हैं और कुकर्म की ओर ले जाते हैं, उन संस्कारों को जान नहीं सकता। इनको हानिकारक जानकर उनको रोकने की भावना नहीं बनती। उनको नष्ट करने का उपाय नहीं ढूंढता। उनको दबाने के लिए पुरुषार्थ नहीं करता, तपस्या नहीं करता, क्योंकि वह जानता है कि आज का पुरुष जिस प्रकार या जिस स्तर में जीवन चला रहा है, उसे मान लेता है कि वह ठीक है। ऑलराइट है। ऐसा व्यक्ति अपने आपको मानता है कि जो मैं बोल रहा हूँ, विचार रहा हूँ कार्य कर रहा हूँ, वह ठीक है, जिस में सुधार करने की कोई आवश्यकता नहीं है। ऐसा व्यक्ति अत्यन्त क्रोधी होकर व्यवहार करता है और अपने आपको सब्ज मानता है। पचासों बार दिन में झूठ बोलता है, परन्तु अपने आपको ठीक मानता है। हिंसा, राग, द्वेष, चुगली, निन्दा का भरपेट प्रयोग करता है फिर भी अपने आपको ठीक मानता है। इन्द्रियों के विषय में अत्यन्त आसक्त है, लिप्त है, तृष्णायुक्त है, फिर भी अपने आपको ठीक मानता है। जीवन में आलस्य, प्रमाद घर किए बैठे है फिर भी अपने आपको ठीक मानता है। अब जो व्यक्ति

अपने जीवन में दोषों के जानने के लिए तैयार नहीं वह उन दोषों को हटाएगा क्या, उपाय कैसे ढूंढेगा। तपस्या कैसे करेगा। जो जान ही नहीं पा रहा वह त्याग क्या करेगा। ऐसे में सबसे महत्त्वपूर्ण कार्य यह है कि अपने जीवन के अन्दर जो अपने व्यवहार, उल्टी वाणी है, कुसंस्कार है, उनको जानने का प्रयास करे।

साधाकगण जीवन को उन्नत बनाने के लिए कोई बहुत बड़े धन की आवश्यकता नहीं है। क्या हमारे पास १०-२०-५० लाख रुपया होगा तभी हमारा जीवन महान् बनेगा। जीवन को उन्नत, श्रेष्ठ बनाने के लिए किसी व्याकारण, उपनिषद् या वेद के सारे ग्रन्थों को पढ़ने की आवश्यकता नहीं। सब ग्रन्थ कोई पढ़ नहीं सकता। जीवन को उन्नत/पवित्र/निर्मल और निर्भीक बनाने के लिए कोई बड़े बल की आवश्यकता नहीं कि मैं दारासिंह या गामा पहलवान बनूँगा तो जीवन को उत्कृष्ट कर सकूँगा। आध्यात्मिक जीवन में यह भी शर्त नहीं है कि सारे वेद पढ़ूँगा तो श्रेष्ठ जीवन होगा ऐसा नहीं है। एक धार्मिक पवित्र व्यक्ति/सन्तुष्ट व्यक्ति/आनन्दित व्यक्ति/एक तृप्त व्यक्ति तो सामान्य यम, नियमों के आचरण को ठीक प्रकार जानकर, आचरण करके, समझ कर चलने से एक आदर्श व्यक्ति बन सकता है। एक शूद्र को भी आर्य कहते हैं, चाहे वह अंगूठा छाप हो या पढ़ना-लिखाना न आता हो, उसको भी आर्य कहा गया है। उसको शान्ति मिलती है, वह भी निर्भीक जीवन जी सकता है, वह भी प्रसन्न सन्तुष्ट होता है, क्योंकि उसके जीवन के अन्दर छल-कपट नहीं, अन्याय नहीं, चोरी नहीं, पक्षपात नहीं, हिंसा नहीं। यह ठीक है कि ब्राह्मण को उसके वेदों के पढ़ने-लिखने या ऊँचे विज्ञान के कारण, उसके उत्कृष्ट ज्ञान के कारण, उसको एक विशेष आनन्द मिलता है, इस बात को छोड़ दीजिए लेकिन जीवन के अन्दर चाहे शूद्र हो तो भी यदि यम-नियम का साधारणतया पालन करता है तो उसके जीवन में शान्ति, प्रसन्नता, निर्भीकता, एकाग्रता, सन्तोष होगा, स्वतन्त्रता होगी। लेकिन आज सामान्य व्यक्ति के जीवन के अन्दर भी इन बातों को छोड़ दीजिए जो उत्कृष्ट किस्म के जीवन है, जिनके पास धन-सम्पत्ति है, जिनके बाजुओं में बल है, जिनके पास प्रतिष्ठा है, जिनके पास मान-सम्मान है, जो साधनों के अन्दर सम्पन्न हैं, उन व्यक्तियों के अन्दर भी वह निर्भीकता, शान्ति, प्रसन्नता, आनन्द, तृप्ति, सन्तोष नहीं है। इसका कारण है अन्तःकरण का अपवित्र होना। हम इनका निरीक्षण-परीक्षण नहीं करते। साधरणतया हम जानते हैं कि हमारे दो तरह के जीवन हैं, एक आन्तरिक दूसरा बाह्य। बाह्य जीवन तो हम दूसरों के जान लेते हैं, उसका कपड़ा ऐसा है, उसका मकान ऐसा है, उसकी भाषा ऐसी है, उसकी गाड़ी ऐसी है, उसका बैंक बैंलेन्स ऐसा है, उसके पास डिग्री इतनी है, उसके पास जैक कितना है-यह सब बाह्य जीवन है। इसके अतिरिक्त एक आन्तरिक जीवन होता है, जिसको ईश्वर ही जानता है अथवा वह व्यक्ति स्वयं ही जानता है। हमारे अन्दर आज कितनी बार भय, मोह, ईर्ष्या की भावना उत्पन्न हुई हम स्वयं ही जानते हैं। पति के मन की बात पत्नी नहीं जान सकती और पत्नी के मन की बात पति नहीं जान सकता। बाप बेटे की बात नहीं जानता, भाई भाई की बात नहीं जान सकता कि मेरे भाई के मन में कितने वितर्क उत्पन्न हुए और न हम ही जान सकते हैं। बाह्य जीवन की अपेक्षा आन्तरिक जीवन का अधिक महत्त्व है। आज हमारा बाह्य जीवन कितना सुदृढ़ है, सुन्दर है, सुगन्धित है, कितना अनुशासित है, सम्पन्न है, आकर्षक है, दुर्गन्धित है, कमजोर है, यह स्थिति है हमारी, दुर्बल है, अनुशासनहीन हैं, रोगयुक्त हैं, यह तत्काल पता चल जाता है दो मिनट में-अन्दर कैसा हूँ और बाहर कैसा ?

आध्यात्मिकता क्या है और योगाभ्यास क्या है, धार्मिकता क्या है, अन्दर और बाहर का जीवन एक प्रकार कर देना। जिस भी व्यक्ति का जीवन अन्दर और बाहर का भिन्न है वह दुष्ट माना गया है, दुरात्मा माना गया है। **मनसि अन्यत्र वर्चसि अन्यत्र कर्माणि दूर आत्मनो**। जो दुष्ट और खराब आदमी है, वह अनार्य है, पापी है, अधर्मी है-कुछ भी कह लीजिए। ऐसे व्यक्तियों को दुष्ट कहा गया है हमारे शास्त्रों में। इसके विपरीत **मनसि एकम्, वर्चसि एकम्, कर्माणि एकम् महात्मनम्**। जिस व्यक्ति के मन में वाणी में शरीर में एक ही चीज है-जैसा मन विचारता है, वैसा ही बोलता है और वैसा की करता है, उसको महात्मा कहा गया है, उत्तम कहा गया है, आर्य कहा गया है, धार्मिक कहा गया है, ईश्वर-भक्त कहा गया है। कुछ भी कह लीजिए यह भेद है। आत्मनिरीक्षण जो है यह व्यक्ति को प्रतीति कराता है कि बहरी जीवन औरआन्तरिक जीवन का। जैसे हाथी के दान्त दिखाने में और खाने में और वैसे ही हमारे जीने का व्यवहार हो गया है।

महानुभाव ! जब व्यक्ति आध्यात्मिक जगत् में आता है और धीरे-धीरे प्रगति करता है तो जान पाता है कि ईश्वर मुझे हर जगह देख, सुन, जान रहा है, तो अपने किए कर्मों पर विचार करना शुरू करता है। विचारता है कि पिछले १०-२०-३० वर्षों में मैं क्या कर्म करता रहा हूँ तब किए हुए कर्म सामने आते हैं और उन किए हुए काले कर्मों को सोच-सोच कर रोता है, घबराता है। साधकगण ! आत्मनिरीक्षण किए बिना दोषों का पता नहीं चलता और आगे के दोष रुकते नहीं। जब पता चलता है कि उल्टे किए हुए कर्मों का फल उल्टा ही मिलेगा, दण्ड मिलेगा, दुःख मिलेगा, तो ऐसे में आगे के कुकर्मों में ब्रेक लगेगी। जीवन में सुधार लाने और परमपिता परमेश्वर के समीप जाने का यही एक रामबाण तरीका है। आगे ही प्रक्रिया को जीवन में अपनाएँ और प्रेयमार्ग को छोड़कर श्रेयमार्ग को अपनाकर जीवन का कल्याण करें।

सुखी रहने के उपाय

-विरजानन्द दैवकरणि

भारत के दैनिक समाचार पत्रों को पढ़ने से ज्ञात होता रहता है कि जनता में अज्ञान अविद्या राग, द्वेष, मूर्खता आदि के कारण अनेक प्रकार के दुःख प्राप्त होते रहते हैं। इन दुःखों के कारण अनेक समस्या उत्पन्न होती रहती हैं। यहां पारिवारिक दुःखों का कारण और उनके निवारण हेतु विचार किया जा रहा है ! परिवारों में माता-पिता, भाई-बहन, पति-पत्नी तथा नाश्तेदारों में अज्ञान तथा सहनशक्ति और धन का अभाव लोभ लालच तथा स्वार्थपूर्ति के कारण अनेक प्रकार के दुःख, ईष्या, द्वेष आदि का बाहुल्य देखने में आता है ! संयुक्त परिवार की प्रथा प्रायः करके समाप्त होती जा रही है तथा एकल-एकाकी परिवार की परम्परा बलवती हो रही है युवा गृहस्थ आजीविका हेतु ग्रामीण वातावरण को छोड़कर नगरों की शरण में जाने लग रहे हैं। उनके वृद्ध माता-पिता ग्राम में रहकर ही जैसे-तैसे गुजारा करते हैं जिस भावना से सन्तान उत्पन्न की थी, उस भावना का अभाव उन्हें शारीरिक और मानसिक दृष्टि से पीड़ित करता रहता है। नागरिक जीवन में मंहगाई के कारण छोटे परिवार का ही निर्वाह कठिनता से चलता है ऐसी परिस्थिति में युवा लोग अपने माता-पिता को शहर में रखने में असुविधा मानते हैं और ग्रामीण जीवन के अभ्यासी वृद्ध माता पिता भी लम्बे समय तक नगर में नहीं रह पाते, किन्तु पुत्र मोह के कारण ग्राम और नगर के मध्य जाने-आने के लिए बाध्य हो जाते हैं।

ग्राम के मकान और भूमि आदि सम्पत्ति के बटवारे में भी भाई बहनों में विवाद और अस्तोष बढ़ जाता है। युवा जन माता-पिता की अपेक्षा पत्नी तथा बच्चों की और अधिक ध्यान देते हैं। ऐसे समय में सास अपनिज्ञी वहू को ही बुराई देने लग जाती है। कोई भी स्त्री अपनी पुत्री और पुत्र-वधू को यदि समदृष्टि देखेगी तो कलह कभी भी नहीं हो सकता। संयुक्त परिवार के अभाव में नए बच्चे नाऊ-ताई, चाचा-चाची, दादा-दादी जैसे रिश्तों की पहचान और आवश्यकता ही अनुभव नहीं करते। उन्हें अन्कल-आन्टी इन दो शब्दों की जानकारी रहती है। एकल परिवार के कारण भाई-भाई तथा बहन-भाई के दूर रहने के कारण आत्मीयता का अभाव हो जाता है। शहर में रहने वाले पति-पत्नी यदि दोनों ही नौकरी करते हों। तो बच्चों की देखभाल पूरी तरह नहीं हो पाती और वच्चे अनियन्त्रित होकर समाज में व्याप्त दुर्गुणों को सीख लेते हैं। शहरी व्यक्ति के घर में कोई अतिथि आ जाता है तो वह भी भारी लगने लग जाता है। उसकी देखभाल के लिए गृहस्थ व्यक्ति को अपने कई कार्यों में व्यवधान उठाना पड़ता है। यदि आर्थिक अति स्थिति सीमित है तो उसो और भी अधिक समस्या का सामना करना पड जाता है और पति पत्नी में विवाद होकर चिड़चिड़ापन आ जाता है। पति पत्नी के स्वभाव में यदि प्रतिकूलता हो तो उसका परिणाम अति दुःखदाई हो जाता है। या तो रोज-रोज कलह होता है या तलाक लेना पडता है, अथवा कोई एक आत्महत्या का मार्ग अपना लेता है। कभी कोई किसी को मार देता है। मादक द्रव्यों का सेवन भी इनमें सहायक हो जाता है। एक दूसरे के चरित्र पर सन्देह भी होना कलह उत्पन्न करता है।

इस प्रकार की अनेक समस्याओं के निराकरण हेतु वेद का आदेश मान लिया जाए तो सभी प्रकार के कष्टों का निवारण हो सकता है। वेद कहता है :-

अन्यो अन्यमभिहर्यत वत्सं जात मिवाध्नया।
अनुव्रतः पितुः पुत्रों माता भवतु समंना ॥
जाया पत्ये मधुमतीं वाचं वदतु शान्तिवाम्।
मा भ्राता भ्रातरं द्विक्षन् मा स्वसारमुत स्वसा
सम्यञ्चः सव्रता भूत्वा बाचं वदत भद्रया ॥

-अतर्ववेद ३.३०.१.३

सभी लोग परस्पर ऐसा स्नेह, प्यार, प्रेम करें जैसे तुरत के उत्पन्न वछड़े से गाय प्रेम करती है। पुत्र पिता के सद्व्यवहारानुकूल रहे तथा माता की भावने के अनुकूल वर्ताव करे। पत्नी अपने पति के लिए शहद के समान मीठी और शान्तिप्रद वाणी वोले। भाई भाई से द्वेष न करे, बहन बहन से द्वेप न करे और बहन भाई भी परस्पर प्रीतियुक्त रहें। एक मन वाले होकर कल्याणकारिणी वाणी का प्रयोग करें।

महाभारत शान्तिपर्व १३८.८६ **में लिखा है**

सा भार्या या प्रियं व्रूते। वही पत्नी अच्छी होती है जो प्रिय वचन वोले। कर्कशवाणी बोलने वाली पत्नी से परिवार में अशान्ति और कलह का वातावरण बना रहता है। इसीलिए महाभारत उद्योगपर्व २६.६ में कहा है-**रूक्षां वाचं रुषतीं वर्जयीत**। कठोर और रूखी वाणीं का प्रयोग नहीं करना चाहिए। इससे विपरीत के लिए कहा है-**मार्या श्रेष्ठतमः सखा**। पत्नी सवसे उत्तम मित्र होती है। कटु वाणी का घाव कभी नहीं भरता, वह सदा हृदय में चुभता रहता है।

अतः वेदानुकूल आचरण करके व्यक्ति को सदा सुख प्राप्ति हेतु यत्न करते रहना चाहिए। यह भी धयान रहे कि सदा सुख और सदा दुःख किसी को नहीं रहते। ये रथ के पहिए के अरों की भान्ति एक दूसरे के आगे पीछे आते जाते रहते हैं। अतः घवराना नहीं चाहिए। धैर्य धारण करने से सुख-दुःख में समान रहा जा सकता है, तभी व्यक्ति को सुख और सन्तोष मिल सकता है। अतः आज सामाजिक जीवन को मुखमय बनाने की महती आवश्यकता है। इसका आधार है वैदिक शिक्षा के अनुकूल चलना।

आध्यात्मिक

सुखी जीवन का आधार सन्ध्योपासना

-मनमोहन कुमार आर्य

मनुष्य जीवन परमात्मा से हम सबको अपनी आत्मा और शरीर की उन्नति के लिए मिला है । आत्मा की उन्नति का साधन सत्य ज्ञान की प्राप्ति सहित उसे अनुरूप आचरण करना है । ईश्वर के ध्यान, चिन्तन, उपासना को सन्ध्या कहा जाता है । सन्ध्या का अर्थ है ईश्वर का भली भान्ति ध्यान करना है । सन्ध्या के लिए यह आवश्यक है कि हम ईश्वर, जीवात्मा सहित इस सृष्टि को भली प्रकार से जानें । ईश्वर व आत्मा का ज्ञान हमें सृष्टि के पदार्थों का त्यागपूर्वक भोग करने की शिक्षा देता है और मनुष्य में वैराग्य भाव को उत्पन्न करता है । विवेकपूर्वक विचार करने पर मनुष्य यह अनुभव करता है कि जीवन का पर्याप्त समय ईश्वर व आत्मा के चिन्तन, ध्यान, विचार, वेदों व ऋषियों के ग्रन्थों के स्वाध्याय, अध्ययन व प्रचार आदि में व्यतीत होना चाहिए । महर्षि दयानन्द ने वेद और समस्त वैदिक साहित्य का गहन अध्ययन किया था । उन्हें सभी विषयों का ज्ञान था और इसके साथ वह कर्म-फल सिद्धान्त को भली प्रकार से जानते थे । मनुष्य को अपने किए शुभ व अशुभ कर्मों का फल अवश्य भोगना पड़ता है । इस सिद्धान्त से यह स्पष्ट होता है कि मनुष्य यदि अशुभ या पाप कर्म करेगा तो ईश्वर उसे उन कर्मों का दण्ड अवश्य देगा । ईश्वर सर्वव्यापक एवं सर्वान्तर्यामी होने से सभी जीवों के सभी कर्मों का साक्षी व द्रष्टा है । वह किसी मनुष्य के किसी कर्म को कदापि भूलता नहीं है । यही कारण है कि हमारे ऋषि व विद्वान अपना जीवन ईश्वर प्राप्ति की साधना, वेदों के शिक्षण व प्रचार तथा यज्ञादि सद्कर्मों में व्यतीत करते थे । वेदों के अध्ययन व चिन्तन मनन से भी यही स्पष्ट होता है कि मनुष्य जीवन का उद्देश्य ज्ञान प्राप्ति कर ईश्वरोपासना व यज्ञादि कर्मों को करना हैं इससे मनुष्य जीवन का उद्देश्य ज्ञान प्राप्ति कर ईश्वरोपासना व यज्ञादि कर्मों को करना है । इससे मनुष्य शुभ कर्मों की वृद्धि तथा पूर्व किए कर्मों के फलों का भोग कर दुष्ट-कर्मों के बन्धन से मुक्त होकर अपने जीवन को श्रेष्ठ व उत्तम बना सकता है । ऐसा करने से मनुष्य जन्म व मरण के क्लेश व दुःखो से मुक्ति अर्थात् मोक्ष की प्राप्ति में अग्रसर होता है । जीवात्माओं को सुख देने, उनका कल्याण करने व उन्हें जन्म-मरण से छुटाकर मोक्ष प्रदान करने के लिए ही ईश्वर ने सृष्टि की आदि में वेदों का ज्ञान दिया था । ऋषि दयानन्द वेदों के मन्त्र-दृष्टा ऋषि व विद्वान थे । उन्होंने ईश्वर व वेदों के ज्ञान का प्रत्यक्ष कर वेदों को ईश्वरीय ज्ञान व सब सत्य विद्याओं की पुस्तक घोषित किया है । वेदों का अध्येता भी वेदों के पदों, पदार्थ, भाषा तथा मन्त्रों में निहित ज्ञान को जानकर यह अनुभव करता है कि यह मानवरचित ज्ञान न होकर ईश्वरीय ज्ञान ही है । इसी कारण पूर्व ऋषियों व ऋषि दयानन्द ने वेदों का पढ़ना व पढ़ाना तथा सुनना व सुनाना सब आर्यों अर्थात् मनुष्य मात्र का परम धर्म अर्थात् अनिवार्य कर्त्तव्य माना है ।

ऋषि दयानन्द ने वेद एवं ऋषियों के साहित्य के अनुसार ईश्वर की उपासना को सभी मनुष्यों का प्रमुख कर्त्तव्य मानकर पन्चमहायज्ञ विधि पुस्तक का निर्माण किया है और उसमें ईश्वर के ध्यान व चिन्तन सहित उसकी स्तुति, प्रार्थना व उपासना हेतु 'सन्ध्या' को प्रथम स्थान दिया है । उनके अनुसार ईश्वर चिन्तन व सन्ध्या आदि करने से मनुष्य की आत्मा के मल व दोष अर्थात् दुर्गुण, दुव्यर्सन एवं दुःख दूर हो जाते हैं और इनका स्थान कल्याणकारी गुण, कर्म व स्वभाव लेते हैं जिनसे मनुष्य का जीवन श्रेष्ठ, सफल व उत्तम वनता है । ऋषि दयानन्द ने सन्ध्या की जो विधि लिखी है वह मनुष्य को श्रेष्ठ ज्ञान से युक्त कराने के साथ ईश्वर व आत्मा का ज्ञान भी कराती है एवं साथ ही ईश्वर की स्तुति, प्रार्थना व उपासना करते हुए जीवन के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण पदार्थ स्वस्थ शरीर, ऐश्वर्य, सुख, वल, यश, दीर्घायु आदि पदार्थों को भी प्राप्त कराती है । यह पदार्थ हम सन्सार में धन का व्यय करके प्राप्त नहीं कर सकते । इससे यह सिद्ध होता है कि धन का स्थान ईश्वर व जीवात्मा के ज्ञान ईश्वरोपासना आदि कर्त्तव्य, वेद आदि ग्रन्थों के स्वाध्याय के वहुत बाद में आता है । मनुष्य का लक्ष्य दुःखों की पूर्णतया निवृत्ति है । मनुष्य के सभी दुःख ईश्वरोपासना एवं शुभ-कर्म आदि के करने से ही दूर होते है । अतः मनुष्य को धर्मानुकूल व्यवसाय आदि के कार्यों को करते हुए ईश्वर की उपासना व यज्ञ आदि कर्मों से विरत नहीं होना चाहिए ।

इस लेख में हम सन्ध्या के उपस्थान प्रकरण के एक मन्त्र का उल्लेख कर उसमें निहित उदात्त व श्रेष्ठ ईश्वर-स्तुति प्रार्थना उपासना को प्रस्तुत कर रहे हैं । इस मन्त्र में ईश्वर से जो वस्तुएं मांगी गई हैं वही मनुष्य की सर्वोत्तम आवश्यकताए व सम्पत्तियां हैं । यह मन्त्र यजुर्वेद ३६/४ है जो कि निम्न है :

तच्चक्षुर्देवहितं पुरस्ताछुक्रमुच्चरत् । पश्येम शरदः शतं जीवेम शरदः शतं श्रृणुयाम शरदः शतं प्रब्रवाम शरदः शतमदीनाः स्याम शरदः शतं भूयश्च शरदः शतात् ।।

इस मन्त्र में कहा गया है कि ब्रह्म अर्थात् ईश्वर सबका द्रष्टा है । वह धार्मिक विद्वानों में सृष्टि के पूर्व, पश्चात् और मध्य में सत्य स्वरूप से वर्तमान रहता है । वह सब जगत् की रचना वा उत्पत्ति करने वाला है । उसी ब्रह्म को हम १०० वर्षों तक देखें । उस ब्रह्म की कृपा की वेदवाणी को हम ऋषियों व विद्वानों से १०० वर्ष तक सुनें । उसी ब्रह्म के वेद वर्णित सत्यस्वरूप का हम अन्य लोगों को उपदेश करें । वह ब्रह्म हम पर कृपा करें जिससे हम किसी के अधीन न होकर पूरी आयु पर्यन्त स्वतन्त्र रहें । उस परमेश्वर की आज्ञापालन और कृपा से हम सौ वर्षों के उपरान्त भी उसकी सृष्टि व कार्यों को देखें, जीवित रहें, वेदों का अध्ययन व श्रवण करें, दूसरों को सुनाएं व स्वतन्त्र रहें । मन्त्र का तात्पर्य है कि रोगरहित स्वस्थ शरीर, दृढ़ इन्द्रिय, शुद्ध मन और

आनन्द से युक्त हमारा आत्मा सदा रहे । एक परमेशवर ही सब मनुष्यों का उपास्यदेव है । जो मनुष्य सच्चिदानन्द स्वरूप, सर्वव्यापक, सर्वज्ञ व सृष्टिकर्ता ईश्वर को चोड़कर दूसरे की उपासना करता है वह पशु के समान होके सब दिन दुःख भोगता रहता है । इसलिए ईश्वर के प्रेम में मग्न होकर और अपने आत्मा व मन को परमेश्वर में लगाकर परमेश्वर की स्तुति और प्रार्थना सदा करनी चाहिए ।

यह वेदमन्त्र व वेदों के अन्य सभी मन्त्र मानवीय रचनाएं नहीं हैं अपितु ईश्वर का नित्य व नाशरहित ज्ञान है जो सृष्टि की आदि में ईश्वर ने चार ऋषियों के अन्तःकरण में अपने सर्वान्तर्यामी स्वरूप से प्रेरणा करके प्रदान किया था । उपर्युक्त मन्त्र में परमात्मा मनुष्यों को मन्त्र के भावों के अनुरूप स्तुति व प्रार्थना करने की प्रेरणा करता है । मनुष्य को दृष्टि की शकति, श्रवण शक्ति, वाक् शक्ति, गन्ध ग्रहण शक्ति व स्पर्श शक्ति आदि ईश्वर से ही प्राप्त होती है । इसके लिए ईश्वर का धन्यवाद करने व उससे प्रार्थना करने से वह हमारे शरीर सहित इन सभी शक्तियों को १०० वर्ष व अधिक समय तक हमारे शरीर में बनाए रखे, यह प्रार्थना हमें करनी चाहिए । इसके लिए हमें सन्ध्या करते हुए अपने मन को पवित्र रखकर उपर्युक्त मन्त्र का अर्थ सहित एक व अनेक वार उचरण करना है । मनुष्य को उसके शरीर में यह शक्तियां जन्म के समय से परमात्मा से ही प्राप्त हुई हैं और वही इनको स्वस्थ रखने के साथ इन्हें हमारी लम्वी आयु तक निर्दोष रख सकता है । अतः हमें वेदानुकूल जीवन व्यतीत करते हुए ईश्वर से शरीर, आरोग्य व १०० वर्ष की आयु मांगनी चाहिए । ईश्वर हमारी पात्रता को जानते हैं । जिस प्रकार एक पिता अपने योग्य व पात्र पुत्र को अपनी सभी धन सम्पत्ति सोंप देता है, ऐसा ही अक्षय धन व सम्पत्तियों का स्वामी ईश्वर भी करता हैं वह भी पिता की भांति हमें इन सब सम्पत्तियों को प्रदान करता हैं । इसके लिए हमें अपने मन की पवित्रता के साथ ईश्वर की स्तुति, प्रार्थना व उपासना करनी ही अपेक्षित है । ऐसा कोई मनुष्य नहीं है जो स्वास्थ्य, ऐश्वर्य व दीर्घायु हो सकते हैं व धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष को प्राप्त हो सकते हैं ।





आर्य प्रतिनिधि सभा आ.प्र.-तेलंगाना के कार्यालय में भारतीय गणतन्त्र दिवस के उपलक्ष में सभा के उपप्रधान श्री हरिकिशन वेदालंकार जी ने तिरंगा राष्ट्रीय ध्वज फहराया । साथ ही वैदिक आश्रम कन्या गुरुकुल बेगमपेट में सभा की उपप्रधाना डॉ. वसुधा अरविन्द शास्त्री जी राष्ट्रीय ध्वज फहराते हुए ।

राष्ट्रीय

महान् जगद्गुरु भारत का नवसृजन कैसे

-डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम पूर्व महामहिम राष्ट्रपति

भारत के बारे में मेरी अभिकल्पनाएँ हैं। पिछले तीन हजार वर्ष के हमारे इतिहास में लुटेरों और आक्रान्तों की कहानियां भरी पड़ी हैं। दुनिया भर के लुटेरे हमारे यहाँ आए, हमारी जमीन और हमारे दिमाग पर कब्जा किया। सिकन्दर से लेकर रोमन, तुर्क, मुगल, पुर्तगाली, अन्ग्रेज, फ्रान्सीसी और डच, इन सभी ने हमारे यहां लूटपाट की। जो कुछ भी हमारे पास था, सब छीन लिया। पर हमने किसी राष्ट्र के साथ ऐसा नहीं किया। हमने किसी के खिलाफ विजय अभियान नहीं चलाया। हमने किसी की जमीन, किसी की संस्कृति या किसी के इतिहास पर कब्जा जमाने की कोशिश नहीं की। हमने कोशिश की तो सिर्फ अपनी सांस्कृतिक सोच के जरिए लोगों का दिल जीतने की। क्यों ? इसलिए कि हम सब की स्वतन्त्रता में विश्वास रखते हैं। इसलिए मेरी अभिकल्पना में स्वतन्त्रता की कल्पना सबसे पहले आती है। मेरे हिसाब से भारत ने स्वतन्त्रता के बारे में पहली अभिकल्पना १८५७ ईस्वी में की थी, जब हमने स्वतन्त्रता संग्राम का बिगुल फूंका था। हमें इस स्वतन्त्रता की रक्षा करनी है, इसका पोषण करना है और इसे सुदृढ़ बनाना है। हम स्वतन्त्र नहीं है तो कोई भी हमारा मान नहीं रखेगा।

मेरी दूसरी अभिकल्पना विकास को लेकर है। पचास सालों से हम विकासशील देश का तमगा लिए घूम रहे हैं। अब समय आ गया है कि हम अपने आपको विकसित राष्ट्र के रूप में देखें। सकल धरेलू उत्पाद के दृष्टिकोण से हम विश्व में पान्च देशों में शामिल हैं। कई क्षेत्रों में हमारी विकास दर १० प्रतिशत से अधिक है। गरीबी का स्तर नीचे आ रहा है। हमारी उपलब्धियों का लोहा आज पूरा विश्व मान रहा है, फिर भी खुद को विकसित राष्ट्र के रूप में देखने का आत्मविश्वास नहीं है। हम खुद का एक विकसित, आत्मनिर्भर और परिपूर्ण राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं।

मेरी तीसरी अभिकल्पना हैं कि भारत दुनिया के सामने मजबूती से खड़ा हो। मेरी मान्यता है कि जब जब हम एक मजबूत भारत के रूप में अपने को स्थापित नहीं करेंगे तब तक दुनिया हमें आदर की निगाह से नहीं देखेगी। केवल बल ही बल को आदर प्रदान करता है। हमें स्वयं को सिर्फ सेन्य-दृष्टि से नहीं, बल्कि आर्थिक शक्ति की दृष्टि से एक मजबूत राष्ट्र के रूप में उभरना है। दोनों साथ-साथ चलने चाहिए।

एक बार मे तेल अवीव में था। वहां इसरायली समाचार पत्र पढ़ रहा था। यह बात उस समय की थी, जब इसरायल में हमले और बमबारी के कारण कॉफी लोगों की जाने गई थी। अग्रवादी संगठन हम्मास ने हमला किया था, लेकिन मैंने देखा कि इस अखबार के प्रथम पृष्ठ पर एक ऐसे यहूदी सज्जन की तस्वीर थी, जिसने पान्च साल की कड़ी मेहनत से रेगिस्तानी ज़मीन को बाग में बदल दिया था और चारों तरफ हरियाली ला दी थी। हत्या, बमबारी, मौत, उग्रवाद की खबरें समाचार पत्र के भीतरी पन्नों में थी। यहां भारत में हम सिर्फ मौत, बीमारी, उग्रवाद और अपराध की खबरें पढ़ते हैं। आखिर हम इतने नकारात्मक क्यों हैं ?

एक दूसरा सवाल-आखिर हम क्यों विदेशी वस्तुओं के प्रति इतने मोहित हैं ? हम विदेशी टी.वी. चाहते हैं, विदेशी कमीज हते हैं, विदेशी तकनीक चाहते हैं। इन विदेशियों के प्रति आखिर इतना आकर्षण क्यों ? क्यों हम इस पर विचार नहीं करते कि आत्म-सम्मान सिर्फ आत्म निर्भरता से ही आता है।

बार-बार यह सूनने को मिलता है कि हमारी सरकार निकम्मी है। आप कहते हो कि हमारे कानून बूढ़े को चुके है। आप शिकायत करते हो कि यहां कि नगरपालिकाएं कूड़ा नहीं उठाती। यहां आपके फोन काम नहीं करते, रेलवें की व्यवस्था मजाक लगती है। एयरलाइन दुनियां की सबसे खराब एयरलाइन लगती है। शिकायत यह रहती है कि समय पर नहीं पहूंचती। आप इस तरह की तमाम नकारात्मक बातें करते रहते हो। कभी सोचा कि आप खुद क्या करते हो ? कल्पना करो कि आप सिंगापुर में हो। आप वहां के हवाई अड्डे में हो। आपको लगता है कि यह दुनियां का सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डा हैं। आप वहां न तो सिगरेट का टुकड़ा फेंकते हो और न ही वहां खड़े होकर जाते पीते हो। वहां के भूमिगत रेल रोड लिंक को देखकर आप गर्व महसूस करते हो। खूबसूरत सड़कों पर चलने के लिए आप पान्च डॉलर का भुगतान करते हो। आप पार्किंग स्थल पर आकर पार्किंग टिकट के लिए मशीन दबाते हो। सिंगापुर में यह सब कुछ करते हुए आप कुछ नहीं कहते लेकिन यहीं सब आप भारत में नहीं करते।

क्या आप हिम्मत कर सकते हो कि रमजान के दिन में आप सार्वजनिक स्थलों पर कुछ खा लो ? जेद्दा में बिना सिर ढके हुए आप चलने की हिम्मत जुटा सकते हो ? आप लन्दन के किसी टेलीफोन एक्सचेन्ज के किसी कर्मचारी का १० पाउंड देकर खरीदने की हिम्मत नहीं जुटा सकते। आप वाशिंगटन में ५५ मील प्रति घन्टे की रफ्तार से अधिक गति से कार चलाने की हिम्मत नहीं जुटा सकते, यह कहकर कि 'जानता है, मैं कौन हूँ ? मैं फला फला का बेटा हूँ। यह पैसे पकड़ और चलता बन।' आप ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैण्ड में शराब पीकर उसकी खोली यूँ ही नहीं फेंक सकते। आपको उसे कूड़ेदान में डालना ही पड़ेगा। आप टोकियों की गलियों में नकल नहीं करत सकते या जाली सर्टिफिकेट नहीं खरीद सकते।

हम विदेशी व्यवस्था में तो रहने और उसका पालन करने के लिए तैयार हो जाते

आर्यावर्त क्या है ?

-प्रो. उमाकन्त उपाध्याय

जब कभी भ्रान्त विचार चल पड़ते हैं तो उनके अवश्यम्भावी अनिष्टकारी परिणामों से बचना दुष्कर हो जाता है। इसी प्रकार का एक अशुद्ध भ्रन्त विचार यह है कि आर्यावर्त की सीमा उत्तर भारत तक ही है और आर्यावर्त की दक्षिणी सीमा उत्तर प्रदेश के दक्षिण और और मध्यप्रदेश के उत्तर में स्थित तथाकथि विन्ध्य पर्वत तक है। इस भ्रान्त धारणा ने एक महा अनिष्टकारी कुफल की सृष्टि कर दी कि विन्ध्य के उत्तर अर्थात् उत्तरी भारत में आर्य बसते हैं और दक्षिणी भारत में द्रविड़ बसते हैं। फलस्वरूप राजनीतिक समस्याएँ उठती रहती हैं। आज जो उत्तर और दक्षिण भारत में आर्य और द्रविड़ समस्याएँ खड़ी हो गई हैं, उनके मूल में भी यही भ्रान्त विचार है कि आर्यावर्त उत्तर भारत को ही कहते हैं।

आर्य समाज से बाहर इस प्रकार के विचार रखने वाले बहुत से लोग हैं। इनकी प्रेरणा स्थली यथासम्भव पश्चिम की विद्वत्मण्ड़ली है। जो आर्य विचार विद्वेषिणी है। भारतवर्ष में इस विचारधारा के प्रवक्ता के रूप में श्री रामधारी सिंहजी 'दिनकर' का नाम लिया जा सकता है। अपने महान् ग्रन्थ 'संस्कृत के चार अध्याय' में श्री दिनकर जी स्वामी दयानन्द जी पर खूब बरसते हैं और उत्तर दक्षिण के आर्य-द्रविड़ विवाद का दायित्व स्वामी दयानन्द सरस्वती पर थोपने का असफल प्रयास करते हैं।

श्री दिनकरजी ने लिखा है- ''स्वामी दयानन्द ने ते संस्कृत की सभी सामग्रियों को छोड़कर केवल वेदों को पकड़ा और उनके सभी अनुयायी भी वेदों की दुहाई देने लगे। परिणाम इसका यह हुआ कि वेद और आर्य, भारत में ये दोनों सर्व प्रमुख हो उठे और इतिहासकारों में भी यह धारणा चल पड़ी कि भारत की सारी संस्कृति और सभ्यता वेद वालों अर्थात् आर्यों की रचना है।

''हिन्दू केवल उत्तर भारत में ही नहीं बसते और न यही कहने का कोई आधार था कि हिन्दुत्व की रचना में दक्षिण भारत का कोई योगदान नहीं है। फिर भी स्वामी जी ने आर्यावर्त की जो सीमा बाँधी है, वह विन्ध्याचल पर समाप्त हो जाती है। आर्य-आर्य कहने, वेद-वेद चिल्लाने तथा द्राविड़ भाषाओं में सन्निहित हिन्दुत्व के उपकरणों से अनभिज्ञ रहने का ही यह परिणाम है कि आज दक्षिण में आर्य-विरोधी आन्दोलन उठ खड़ा हुआ है।

''इस सत्य पर यदि उत्तर के हिन्दू ध्यान देते तो दक्षिण के भाइयों को वह कदम उठाना नहीं पड़ता, जिसे वे आज उपेक्षा और क्षोभ से विचलित होकर उठा रहे हैं।'' श्री दिनकरजी यदि सत्यार्थ प्रकाश के तत्सम्बन्धी स्थल देख जाते तो इतना भ्रामक विचार देने में चिन्ता करते। ऐसी उद्धत शब्दावली और ऐसा उपहसनीय आक्षेप सचमुच दिनकरजी को शोभा नहीं देता। इधर आर्य समाज के विद्धानों में बी एकाध की धारणा है कि आर्यावर्त उत्तरी भारत को ही कहते हैं। प्रो. सत्यव्रत सिद्धान्ता लङ्कार गुरुकुल कांगड़ी के मान्य विद्वान हैं, संसद सदस्य हैं। आपने एक लेख लिखा है ''इस देश के भिन्न-भिन्न नाम। यह लेख कई जगह छपा है। इस लेख से जहां महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती का विरोध है वहीं उस अनिष्टकारी विचारधारा की पुष्टि भी होती है कि उत्तर भारत के लोग आर्य हैं और दक्षिण भारत के लोग आर्य नहीं हैं। श्री सिद्धान्तलङ्कार जी ने कई प्रमाण देकर एक निष्कर्ष निकाला है, ''इन सब प्रमाणों से स्पष्ट है कि सर्वप्रथम इस देश (उत्तर भारत) का नाम आर्यावर्त या आर्य देश था। इस देश से भिन्न-भिन्न देशों को यहाँ के निवासी म्लेच्छ देश या दस्यु देश कहते थे। वे लोग अपने देश को आर्य देश इसलिए कहते थे क्योंकि वे अपने को आर्य या श्रेष्ठ कहते थे, ठीक ऐसे जैसे आज के युग में पाकिस्तान वाले अपने को पाक या पवित्र कहने लगे हैं। यह धारणा चिन्त्य है, ये विचार भ्रान्त हैं। इस पर विचार अवश्य होना चाहिए।

गुरुकुल कांगड़ी आर्य समाज का दुर्ग है। वहाँ से ऋषि की मान्यता को बल दिया जाता है। वहाँ के विद्वानों, अनुसन्धान कर्ताओं पर आर्य जगत् गर्व करता है। वैदिक जैसे भारतीय विचारधारा विरोधी ग्रन्थ का उत्तर 'गुरुकुल कांगड़ी, के सुयोग्य विद्वान् श्री धर्मदेवजी विद्यामार्तण्ड ने लिखकर अपनी यशोवृद्धि तो की है, गुरुकुल की भी यशश्चन्द्रिका को अधिक चारु कर दिया। स्वयं सिद्धान्तालङ्कार जो भी ऋषि दयानन्द के भक्त और आर्य समाज के मान्य विद्वान हैं। पर जाने, अनजाने उनसे ऋषि दयानन्द का और भारतीय परम्परा का विरोध हो गया। फिर श्री दिनकरजी का क्या दोष ? उनको उपालम्भ किस बात का ?

श्री सिद्धान्तालङ्कार जी ने यह सिद्ध करने के लिए कि आर्यावर्त केवल उत्तर भारत को कहते हैं, निम्न प्रमाण दिए हैं- १) आसमुद्रात्तुवै पूर्वादासमुद्रात्तु पश्चिमात्। तयोरेवान्तरं गिर्योरार्यावर्त विदुर्वधाः॥ मनु. २-२२, अर्थात्, पूर्व के समुद्र (बंगाल की खाड़ी) से लेकर पश्चिम के समुध्र (अरब सागर) तक तथा उत्तर में हिमालय पर्व से दक्षिण में विन्ध्य पर्वत तक का प्रदेश 'आर्यावर्त' है। २) कः पुनरार्यावर्तः। प्रागादर्शात् प्रत्यक् कालक वनात् दक्षिणेन हिमवन्तं उत्तरेण पारियात्रम्। कृमहाभाष्य। (हिमालय के दक्षिण और विन्ध्याचल के उत्तर आर्यावर्त है।) ३) आर्यावर्तः प्रगादर्शात प्रत्यक् कालकवनाद उदक् पारियात्रात् दक्षिणेन हिम्वतः उत्तरेण व विन्ध्यस्य। -वरिष्ठ धर्मसूत्र

ये सारे प्रमाण उन ग्रन्थों के हैं जो प्रत्येक भारतीय को मान्य हैं। इनमें से कुछ को तो स्वामी दयानन्द जी ने भी प्रसङ्गा नुपात से उद्धत किया है। यदि ये प्रमाण मान्य हैं तो इनमें तो सुस्पष्ट लिखा है कि आर्यावर्त की दक्षिणी सीमा पर विन्ध्य पर्वत है। पर यह विन्ध्य पर्व कहाँ है ? क्या उत्तर और दक्षिण भारत को पृथक् करने

वाले विन्ध्याचल को ही प्राचीन गन्थकार विन्ध्य के नाम से अभिहित कर रहे हैं या किसी अन्य पर्वत का विन्ध्य नाम है ।

एक क्षण के लिए स्वीकार कर लेते हैं कि नर्मदा नदी के उत्तर उत्तर प्रदेश के दक्षिण विन्ध्य है । अब मनुस्मृति के श्लोक की सङ्गति लगाइए । यह आज का तथाकथित विन्ध्य कर्क रेखा के निकट है । यदि इसे ही दक्षिणी सीमा मान लें तो पूर्व में ब्रह्म देश पड़ेगा, समुद्र नहीं, और पश्चिम में भी समुद्र अत्यल्प नाम मात्र को पड़ेगा और ९९ प्रतिशत सीमा स्थल की बनेगी जो पश्चिम के अफगानिस्तान इत्यादि देश होंगे । फिर मनु का वाक्य, ''आसमुद्रात्तुवै पूर्वादासमुद्रात्तु पश्चिमात'' सङ्गत नहीं हुआ । वस्तुतः आज के तथा कथित विन्ध्य का भारत के प्राचीन भूगोल में विन्ध्य नाम नहीं था और मनुस्मृति में या अन्य ग्रन्थों में जो विन्ध्य पर्वत का वर्णन है वह समुद्र तटवर्ती पर्वत है जिसे हम पूर्वीघाट पश्चिमी घाट पर्वतमाला का नाम देते हैं । इस सम्बन्ध में स्वामी दयानन्द जी का वक्तव्य बिलकुल सुस्पष्ट है । वे लिखते हैं- ''हिमालय की मध्यरेखा से दक्षिण और पहाड़ों के भीतर रामेश्वर पर्यन्त विन्ध्याचल के भीतर जितने देश हैं उन सबको आर्यावर्त इसलिए कहते हैं कि यह आर्यावर्त देव अर्थात् विद्वानों ने बसाया और आर्य जनों के निवास करने से आर्यावर्त कहलाया है ।

सत्यार्थ प्रकाश, अष्टम समुल्लास से यहाँ ऋषि दयानन्द जी ने उत्तर और दक्षिण दोनों भारत को आर्यावर्त माना है और दोनों जगह के निवासियों को आर्य माना है ।इससे श्री दिनकर जी को आक्षेप तो निर्मूल हो ही जाता है, साथ ही यह भी सुस्पष्ट है कि श्री दिनकर जी ने शीघ्रता का परिचय दिया है न कि धैर्यपूर्वक मनन का ।

अस्तु, एक प्रश्न यह रह जाता है कि स्वामी दयानन्द जी ने विन्ध्याचल को रामेश्वर के पास कैसे कह दिया । वैसे सत्यार्थ प्रकाश के उस स्थल के पढ़ने से ऐसा प्रतीत होता है कि वे विन्ध्य की व्याख्या करने की आवश्यकता तो समझते हैं पर उसे विवादा स्पद नहीं समझते । अन्यथा उसके भी प्रभूत प्रमाण वे दे ही देते ।

किन्तु आज तो यह विवादास्पद हो गया है । श्री सिद्धान्तालङ्कार जी ने इसे उत्तर और दक्षिण का भेदक पर्वत ही माना है । वस्तुतः प्राचीन संस्कृत वाङ्मय में इसे दक्षिण समुद्र तटवर्ती पर्वत कहा गया है । वाल्मीकि रामायण के किष्किन्धा काण्ड में वर्णन आता है । वहाँ कई श्लोकों में विन्ध्य पर्वत का प्रसंग उठा हुआ है ।

सन्दर्भ यह है कि रावण सीता को चुराकर ले जा चुका है । जटायु मारा जा चुका है । वालि को मारकर राम ने सुग्रीव को राजा बना दिया है और हनुमान आदि सीता की खोज में निकले हैं । वहाँ समुद्र के किनारे एक पर्वत पर सम्पाति से अङ्गद हनुमान आदि मिले हैं और उनका वार्तालाप होता है । कई श्लोक हमारे सहायक सिद्ध होते हैं-

सुग्रीव वालि के भय से दक्षिण दिशा को भागा था उसका वर्णन है- १) दिशस्तस्या स्ततो भूयः प्रस्थितो दक्षिण दिशम् । विन्ध्य पादपसंकीर्णा चन्दनद्रुम शोभिनाम् ४६ ॥१॥ अर्थ-उस दिशा को चोड़ कर मैं फिर दक्षिण दिसा की ओर प्रस्थित हुआ जहाँ विन्ध्य पर्वत पर वृक्ष और चन्दन के वृक्ष शोभा बढ़ाते हैं ।

यदि विन्ध्य के पास चन्दन के वृक्ष हैं तो यह कर्क रेखा पारकर विन्ध्य नहीं, रामेश्वर का विन्ध्य है । तीन दिशाओं से सुग्रीव के सैनिक लौट आए, सीता का पता न चला । किन्तु दक्षिण दिशा के सैनिक वीर हनुमान- २) ''ततो विचित्य विन्ध्यस्य गुहाश्चगहनानि च'' ४८ ।२। आगे स्वयं प्रभा तापसी ने हनुमान से कहा- ३) एष विन्ध्यो गिरिः श्रीमान् नाना द्रुमलता युतः । एष प्रस्रवणः शैलः सागरोऽयं महोदधिः । ५२ ॥३॥ यहाँ विन्ध्यपर्वत, प्रस्रवण गिरि और सागर महोदधि तीनों पास ही हैं । और देखिए- ४) विन्ध्यस्य तु गिरेः पादे सम्प्रपुष्पितपादपे । उपविश्य महात्मानश्चिन्ता मापेदिरे तदा । ५३ ।३, सीता को न पाकर हनुमान आदि विन्ध्य पर्वत की तलहटी में बैठकर चिन्ता करने लगे । पुनरपि सम्पाति विन्ध्य की कन्दरा से निकल कर हनुमान आदि से बोला- ५) कन्दरादभिनिष्क्रम्य स विन्धयस्य महागिरेः उपविष्टान् हरीन् दृष्टिवा हृष्टात्मा गिरमब्रवीत् ॥५६।३॥ सम्पाति कहता है । ६) निर्दग्धपत्रः पतितो विन्ध्येऽहं वानारर्षभाः ॥ यों तो और भी बहुत से प्रमाण हैं जिनसे सुस्पष्ट है कि विन्ध्ये पर्वत दक्षिण समुद्र तट पर है न कि नर्मदा नदी के उत्तर । एक प्रमाण और देखिए- ७) दक्षिणस्योदधेः तीरे विन्ध्योऽयमिति निश्चितः ॥

इन सारे प्रमाणों से सिद्ध होता है कि विन्ध्य पर्व रामेश्वर के पास है, उत्तर दक्षिण भारत को विभक्त करने वाला नहीं । एक बार जब यह निश्चय हो गया कि विन्ध्याचल पर्यन्त आर्यावर्त की सीमा का अर्थ है कन्या कुमारी पर्यन्त सम्पूर्ण भारत न कि केवल उत्तर भारत । अब इस सन्दर्भ में मनु के ''आसमुद्रातु वै पूर्वादासमुद्रात्तु पश्चिमातश्श की भी सङ्गति बैठती है । जब सम्पूर्ण भारत ही आर्यावर्त है तब जैसा श्री सिद्धान्तालङ्कार जी ने लिखा है कि पूर्व में बङ्गाल की खाड़ी और पश्चिम में अरब सागर है यह ठीक है । अन्यथा नहीं ।

अब ऐसी धारणा बना लेना कि उत्तर भारत वाले अपने को पवित्र और दक्षिण भारत वालों को हीन समझते थे यह केवल कल्पना मात्र है और है अत्यन्त अनिष्टकारी कल्पना ।

आज आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने इतिहास को ठीक रूप में देखें । सम्पूर्ण देश एक है, एक संस्कृति है, एक इतिहास है । पाश्चात्य विद्वान हम में फूट डालने के लिए उत्तर भारत को आर्यावर्त कहकर दक्षिण भारत को उत्तर भारत से फोड़ना चाहते थे । किन्तु हमें तो अपनी स्थिति सुस्पष्ट करनी चाहिए । यह क्षेत्र है जिसमें कार्य करने की आवश्यकता है । हमें प्रचार करना चाहिए कि सारा भारत आर्यावर्त हैं । यहाँ के सभी निवासी आर्य हैं । द्रविड़ या आदिवासी और बनवासी इत्यादि समस्याएँ तो अंग्रेजों की भेदनीति के फल हैं हमें अपनी जनता को बचा लेना चाहिए । यहाँ जो कुछ लिखा गया है केवल एक ही दृष्टिकोण से-सत्य के ग्रहण करने और असत्य के छोड़ने में सदा उद्यत रहना चाहिए । यदि आर्य, द्रविड़, आदिवासी, बनवासी, इत्यादि की कल्पित भेद भित्तियाँ ध्वस्त की जा सकें तो भारतीय जनता का अति कल्याण हो । (आर्य संसार १९६६ से संङ्कलित)

प्रभु मिलन की राह

-डॉ. अशोक आर्य

मानव को परमपिता परमात्मा ने सौ वर्ष के लिए इस धरती पर भेजा है किन्तु यह मानव का पुरुषार्थ है कि वह इस धरती पर सौ वर्ष से अधिक समय तक रहे अथवा कम। इसके लिए उसे प्रभु के बनाए नियमों के अनुसार अपने जीवन को चलाना होता है। जो बना लेता है, चला लेता है, वह अधिक भी जी सकता है और जो राग विलास में उलझा रहता है उसे सौ वर्ष भी पूर्ण करने का अवसर नहीं मिलता। इस सम्बन्ध में यजुर्वेद का यह मन्त्र इस प्रकार प्रकाश डाल रहा है :-

तच्चक्षुर्देवहितं पुरताच्छुक्रमुच्चरत्। पश्येम शरदः शतं जीवेम शरदः शतं शृणुयाम शरदः शतं प्र ब्रवाम शरदः शतमदीनाः स्याम शरदः शतं भूयश्च शरदः शतात् ॥४॥

-यजुर्वेद ३६.२४

शब्दार्थ

(चक्षुः) हमारे कर्त्तव्य कर्मों को दिखाने वाला सर्वद्रष्टा (देवहितं) उपकारक (शुक्रं) शुद्ध (तत्) वह प्रभु (पुरस्तात्) हमारे सामने (उच्चरत्) उदय हुआ (शतं शरदः) सौ वर्ष तक (पश्येम) देखते रहें (शतं शरदः) सौ वर्ष तक (जीवेम) जीवित रहें (शतं शरदः) सौ वर्ष तक (शृणुयामः सुनें (शतं शरदः) सौ वर्ष तक (प्रब्रवाम) बोलें अथवा प्रवचन करें (शतं शरदः) सौ वर्ष तक (अदीनाः स्याम) ऐश्वर्यवान् (शरदः शतात् भूयश्च) सौ वर्ष से अधिक (आयु) तक भी हम देखते, सुनते, बोलते हुए स्वावलम्बी रहते हुए जीवित रहें।

व्याख्यान

प्रेम की शक्ति

हे पिता ! मैं आप की प्रतीक्षा में अपनी कुटिया के दरवाज़े पर खड़ा होकर आपके आने का मार्ग निहार रहा हूँ। इस समय मेरे नेत्र स्निग्ध है, दृष्टि सजल है, मैं अपनी दोनों भुजाएँ पसारे हुए हूँ तथा मेरे हृदय में कभी न समाप्त होने वाली उत्कंठा है। इसी समय आप अपने अत्यधिक उज्ज्वल सिंहासन, जो राजकीय है, सुन्दर है, सम्मोहन से भरा है, से उठते हो। सिंहासन से उतरते समय आप अपने सुनहरे प्रकाश की भुजाएँ फैलाते हुए, सब दिशाओं को अपने अद्भुत रूप से स्नान कराते हुए, अपने स्नेहिल स्पर्श मात्र से सैकड़ों उमंगें लहराते हुए आते हो। आपकी सजधज निराली सी ही है और निराली ही शोभा लिए हुए है। आपके इस स्वरूप को देख मैं तृषित आँखों से आपको निहारता हीरह जाता हूँ। इसी समय आप अपनी अब सीमाओं को त्यागते हुए मुझे अपनी छाती से लग लेते हो, मेरी प्रसन्नता मेरे उर के सब किनारों तो तोड़ते हुए उमड़ने-घुमड़ने लगती है। इस समय पर न तो कोई सीमा और न ही कोई बन्धन ही रह जाता है। आप के असीम, सीमा रहित रूप में यह ससीम, सीमाओं में बँधा हुआ मैं ससीम भी अपने को असीम के समान ही अनुभव करने लगता हूँ, यह कैसा सुन्दर तथा मधुर मिलन है। हे पिता ! प्रेम की यह शक्ति धन्य है।

आनन्द-मंगल के स्रोत का उद्गम

हे प्रभो ! आप प्रेम से भरे होने के कारण अत्यन्त प्रेममय हो। आपका और मेरा यह जो मधुर मिलन हुआ है, यह चिरन्तन है, लम्बे समय तक समाप्त होने वाला नहीं है। मैं जानता हूँ कि आप के आँचल में कभी न समाप्त होने वाली शान्ति निवास करती है। इस शान्ति को स्थाई रूप से पाने के लिए मन आप का आँचल, आप का दामन सदैव के लिए पकड़ लेना चाहता हूँ क्योंकि मैं समझता हूँ कि आप के चरणों में ही सब प्रकार के आनन्द-मंगल के स्रोत का उद्गम है, मैं इस स्रोत को अपनी छाती में दबाए रखना चाहता हूँ।

इन्द्रियाँ और अन्तरात्मा प्रसन्न

हे सबको ज्योति देने वाले ज्योतिर्मय प्रभु ! आपका रूप अत्यधिक पावन अर्थात् अत्यधिक पवित्र है। यह अत्यन्त तेजस्वी और आह्लाद से भरा हुआ भी है, आपके रूप की राशियाँ पृथिवी, पवन, चनद्र, गगन, सलिल के प्रत्येक कण में बिखर रही हैं, आपकी इस रुपराशि को हम आँख से आँख मिला कर निहारते रहें, ऐसी हमारी इच्छा है। इस रूपराशि को देखने से जो आनन्द हमें मिलता है, उस आनन्द का वर्णन नहीं किया जा सकता, वह आनन्द तो अवर्णनीय है। हमारी यह इच्छा है कि हम अन्य सब कुछ छोड़ कर सैकड़ों वर्षों से भी अधिक समय तक इसे देखते रहे क्योंकि आप के रूप की छटा को देखकर इसके दर्शन मात्र से हमारे अन्तःकरण, हमारे वाह्य, सब प्रकार की इन्द्रियों सहित सम्पूर्ण अन्तरात्मा तक भी न केवल प्रसन्न ही होती है, वल्कि निर्मल भी हो जाती हैं।

शक्तियों का दान करने वालों का योगक्षेम

हे सर्व मंगल की मूर्तिरूप प्रभो ! प्रतिदिन सूर्य उदय होता है। इसके उदय होने से समस्तं सृष्टि आलोक से भर जाती है। सूर्य से आने वाला यह आलोक अथवा प्रकाश अपने आलोक के कारण मार्ग दिखाता है। ठीक सूर्य के समान ही आप भी इस कराचर जगत् को मार्ग दिखाने वाले हो, इस प्रकार सबका मार्ग दर्शन करते हुए सबको अपने-अपने कर्ण में लगा रहे हो, प्रत्येक को अपने अपने कर्म में व्यस्त कर रहे हो। न केवल अग्नि, वरुण अथवा मित्र के ही अपितु सम्पूर्ण विश्व की आप आँख का काम कर रहे हो। आप का यह दिव्य कर्म है कि आप सबका मार्ग दर्शन करते हो। देवों का कल्याण करना भी आपको अत्यधिक प्रिय है। आपका प्रण है कि आप शक्तियों का दान करने वाले लोगों के योगक्षेम का प्रबन्ध करते हो।

आपके गुणों का सौ वर्ष तक कीर्तन करें

हे सर्व प्रकाशक प्रभो ! आपकी यह गौरव से भरी हुई गाथा है, इस गाथा का हम सौ वर्ष तक निरन्तर श्रवण करते रहें। आपके सब गुणों का भी हम निरन्त्र सौ वर्ष तक कीर्तन करते रहें। इसके साथ ही साथ हम भी आप हीके समान सब के भले के लिए सबका मार्गदर्शक बनने का सदा प्रयास करते रहें तथा सौ वर्ष तक निरन्तर लोक-

संग्रह के कार्यों में लगे रहे इसमें ही मानव जीवन की धन्यता छुपी है ।

अंग प्रसन्नता से थिरकने लगते हैं

हे सब रूपों के निकेतन रूप प्रभो ! उस व्यक्ति को कभी दरिद्रता और दीनता नहीं मिल सकती जिसके सामने आप प्रसन्न होकर अपना ऐश्वर्य से भरा हुआ रूप अनावृत कर देते हो, प्रकट कर देते हो । जो जीव आपके बिखरे हुए फूलों को कुन्ज में खड़े हो कर आप के रूपको निहारने में मस्त हो जाता है, उसे कभी भी किसी के सम्मुख अपने हाथ फैलाने की आवश्यकता ही नहीं रह जाती । वह प्राणी तो अहंकार से भरे किसी अन्य प्राणी के सामने हाथ फैलाकर कभी गिड़गिड़ाने की आवश्यकता ही नहीं समझता, जिसे तारों की मंडली के के अन्दर, सुरभित तरंगों के अन्दर, पवन के झकोरों से झकोरित मधुर लहरियों के अन्दर आपकी बजाई जा रही वीणा की झंकार सुनने से जिसके सब अंग प्रसन्नता से थिरकने लगते हैं ।

सोना चाँदी सुख के साधन नहीं

